# इंडिया फाउंडेशन फॉर दी आर्ट्स (IFA) द्वारा
# प्रोजेक्ट 560
# के लिए प्रस्ताव हेतु आमंत्रण

## आवेदन की अंतिम तिथि: 21 सितम्बर, 2026

ऐसे बंगलौर की कल्पना कीजिए जो किसी कवि की डायरी हो या कोई क्रिएटिव कोडर (creative coder's kernel), किसी फिल्मकार की एडिटिंग की मेज़ हो या किसी परफ़ॉर्मर का मंच! शहर के तमाम समुदायों, छिपे हुए ठिकानों, बहुस्तरीय इतिहासों और सामूहिक आकांक्षाओं से उभरती आवाज़ों को सुनिए. अगर आप यह जानना चाहते हैं कि हम अपने साझा भविष्य की राह रचनात्मक तरीके से किस तरह खोज सकते हैं, तो Project 560 मिल-जुल कर काम करने की हमारी जगह हो सकता है.

Project 560 एक ऐसी कलात्मक पहल है, जो जानी-पहचानी जगहों से आगे देखने और तेज़ी से फैलते महानगर बंगलौर की उन परिधियों पर ध्यान देने का अवसर देती है, जिनके अतीत की कई परतें हैं, जिनका वर्तमान उलझा हुआ है और जिनके भविष्य की कल्पना अभी की जानी है. यह कार्यक्रम समान रुचियों और सोच वाले लोगों का एक ऐसा नेटवर्क बनाने का प्रयास है, जो बंगलौर की बहुभाषी दुनिया, जाति, भाषा और जेंडर से जुड़ी जटिलताओं और हमारी शहरी पारिस्थितिकी को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण पर्यावरणीय सवालों को समझते हुए कलात्मक, क्यूरेटोरियल (curatorial) और बौद्धिक काम को आगे बढ़ाने में मदद करे.

बंगलौर इतनी तेज़ी से फैल रहा है कि उसकी रफ़्तार को शब्दों में बाँध पाना मुश्किल है. शहर की कलात्मक ऊर्जा सिर्फ़ औपचारिक गैलरियों या पारंपरिक सांस्कृतिक केंद्रों तक सीमित नहीं है. बंगलौर की रचनात्मक ऊर्जा लगातार नई जगहों और नई दिशाओं की ओर बढ़ रही है. यह ऊर्जा शहर के ऐसे कोनों में फल-फूल रही है जिसकी अमूमन उम्मीद नहीं की जाती जैसे कि शहरी गाँव (urban villages), फाउंड कम्युनिटीज़ (found communities), गिग वर्कर्स (gig workers) के आंदोलन, प्रवासी गलियारे (migrant corridors), मेकर स्पेसेज़ (maker spaces), रीडिंग ग्रुप्स, पेंसिल जैमर्स (pencil jammers) और अनौपचारिक रचनात्मक अर्थव्यवस्थाएं. Project 560 का यह चरण बंगलौर के विशेषज्ञों और प्रैक्टिशनर्स के साथ एक ऐसी गहन इनक्यूबेशन-आधारित (incubation-led) यात्रा का आह्वान है, जिसमें मिल-जुल कर एक ऐसी जगह विकसित की जाए जहाँ शहर के इतिहासों, उसके जीवित अनुभवों और उसके कल्पित भविष्यों के साथ जुड़ाव कायम किया जा सके.

इसके लिए हम ऐसे प्रोजेक्ट-प्रस्ताव आमंत्रित कर रहे हैं जिनकी सहायता से क्यूरेटेड वॉक्स (Curated Walks), रंगमंच, नृत्य और संगीत परफ़ॉर्मेंस, इंस्टॉलेशन्स (Installations), प्रदर्शनी, समुदाय-आधारित कार्यक्रम, लेंस-बेस्ड प्रैक्टिस (Lens-based practices), गेम्स, कार्यशालाएं और प्रकाशन जैसी चीज़ों की तरफ बढ़ा जा सके.

**इनक्यूबेशन-आधारित यात्रा**

Project 560 के पिछले संस्करणों में शुरू से ही पूरी तरह तैयार प्रोजेक्ट्स के क्रियान्वयन पर ज़ोर था, जबकि इस नए संस्करण में इनक्यूबेशन (incubation) को केंद्र में रखा गया है. IFA ऐसे बंगलौर-आधारित आर्टिस्ट्स और रिसर्चर्स की तलाश में है, जो बंगलौर को एक शहर के रूप में समझने और देखने वाले एक जैसी रुचियों वाले रचनात्मक प्रैक्टिशनर्स के समूह के साथ मिलकर बातचीत और विचार-विमर्श के ज़रिए अपने रचनात्मक विचारों को विकसित करना चाहते हैं. इच्छुक व्यक्ति 'प्रस्ताव हेतु आमंत्रण' के जवाब में अपने प्रोजेक्ट का प्रस्ताव देकर आवेदन कर सकते हैं. चयनित आवेदक पहले एक गहन इनक्यूबेशन लैब में हिस्सा लेंगे, जिसके बाद उनके प्रोजेक्ट्स को क्रियान्वित किया जाएगा.

इनक्यूबेशन लैब का संचालन IFA द्वारा आमंत्रित फ़ैसिलिटेटर्स के साथ नवम्बर में दो हफ़्तों के दौरान 10 कार्यदिवसों में किया जाएगा. इस लैब में साझा संवाद, खोजबीन, वॉक्स (walks), कार्यशालाएं और सहभागियों के बीच विचार-विनिमय शामिल होंगे, जो मोहल्ले के स्तर पर किए जाने वाले हस्तक्षेपों, शहर में छोटे और व्यावहारिक बदलाव लाने की पहल, पूरे साल चलने वाली क्यूरेटोरियल (curatorial)) योजनाओं या शहर पर केंद्रित आर्टिस्टिक रिसर्च (artistic research) की कल्पनाओं को समृद्ध करेंगे.

प्रोजेक्ट्स के परिणाम अलग-अलग रूपों में सामने आ सकते हैं, जैसे ग्राफ़िक नैरेटिव्स (graphic narratives), ऐनिमेशन्स (animations), रचनात्मक नॉन-फ़िक्शन, सगीत-संबंधी अन्वेषण, परफ़ॉर्मिंग आर्ट्स, लेक्चर परफ़ॉर्मेंस, प्रदर्शनियां, साइट-रिस्पॉन्सिव इंस्टॉलेशन्स (site-responsive installations), क्रिएटिव कोडिंग बूटकैंप्स (creative coding bootcamps), सिंथजैमिंग (synthjamming), आर्टिस्टिक रिसर्च मोनोग्राफ्स (artistic research monographs), एस्से फ़िल्म्स (essay films) या इंटरडिसिप्लिनरी कार्य (interdisciplinary works) इन प्रोजेक्ट्स के परिणामों की प्रस्तुति सार्वजनिक और भौतिक रूप में होनी चाहिए; आवश्यकता होने पर इसमें कुछ वर्चुअल (virtual) तत्व भी शामिल किए जा सकते हैं.

**प्रोजेक्ट की अवधि**

अधिकतम 8 माह

**बजट**

अधिकतम रु. 4,00,000/-

**कौन आवेदन कर सकता है?**

हम विभिन्न विधाओं में कार्यरत प्रैक्टिशनर्स से प्रस्ताव आमंत्रित करते हैं. इनमें निम्न व्यक्ति शामिल हो सकते हैं:

- संगीत, ध्वनि, टेक्स्ट, नृत्य, मूवमेंट, रंगमंच, कठपुतली नृत्य, किस्सागोई, जादू, सर्कस और अन्य परफ़ॉर्मेंस आर्ट्स में काम करने वाले परफ़ॉर्मिंग आर्टिस्ट्स.
- फ़िल्म (नॉन-फिक्शन और फिक्शन), ऐनिमेशन, फ़ोटोग्राफ़ी, इंस्टॉलेशन, न्यू मीडिया, क्रिएटिव कोडिंग, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, इंटरैक्टिव आर्ट्स, गेमिंग/कन्सेप्ट आर्ट, चित्रकला, शिल्पकला, प्रिंटमेकिंग, कॉमिक बुक्स, ग्राफ़िक नैरेटिव, आर्टिस्ट बुक्स और अन्य सभी रूपों में काम करने वाले विज़ुअल आर्टिस्ट्स.
- क्यूरेटर्स, विशेषकर वे जो गैलरियों के दायरे से बाहर काम कर रहे हों.
- साहित्यिक कलाओं में कार्यरत कवि, उपन्यासकार, शॉर्ट फ़िक्शन लेखक, नाटककार, फ़िल्म स्क्रिप्ट लेखक, कॉमिक्स लेखक, गेम राइटर्स और रचनात्मक नॉन-फ़िक्शन लेखक.
- इंटरडिसिप्लिनरी कार्य में संलग्न प्रैक्टिशनर्स.
- बंगलौर के निवासी

**आवेदन जमा करने हेतु दिशा-निर्देश**

अपना प्रस्ताव निम्नलिखित के साथ हमें भेजें:

- एक प्रैक्टिशनर के रूप में आपकी मौजूदा आर्ट्स प्रैक्टिस, सरोकार और रुचियाँ
- बंगलौर के संबंध में आपके कलात्मक सरोकार या शोध-संबंधी प्रश्न जो विशेष रूप से इसकी परिधियों, रोज़मर्रा की बहुभाषी वास्तविकताओं और पर्यावरणीय आख्यानों पर केंद्रित हों.
- प्रोजेक्ट की शुरुआती रूपरेखा, जिसमें संभावित सहयोगी, समुदाय या बंगलौर के वे शहरी स्थान शामिल हों, जिनके साथ आप जुड़ना चाहते हैं.
- गतिविधियों की विस्तृत टाइमलाइन
- बजट का प्रस्तावित विवरण
- पहले किए गए ऐसे कार्यों के उदाहरण, जो इस आवेदन के लिए प्रासंगिक हों. इनमें आपके पोर्टफोलियो, लेखन, छायाचित्र अथवा पूर्व कार्यों की ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग जैसी सहायक सामग्री शामिल हो सकती है
- आपका बायोडाटा, जिसमें आपका वर्तमान डाक पता, फ़ोन नंबर और ईमेल आईडी दी गई हो

- अपना अंतिम आवेदन एक ही ईमेल में जॉन जेवियर्स को john@indiaifa.org पर भेजें. अपने सन्देश में यह सब्जेक्ट-लाइन लिखें : Project Proposal for Project 560.
- अपने प्रस्ताव से संबंधित किसी भी प्रश्न या स्पष्टीकरण के लिए जॉन जेवियर्स को john@indiaifa.org पर लिखें.

**आप अपना प्रस्ताव अंग्रेज़ी सहित किसी भी भारतीय भाषा में लिख सकते हैं. IFA अंग्रेज़ी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं में प्रस्तावित प्रोजेक्ट्स को प्रोत्साहित करता है.**

**पात्रता के मानदंड**

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन कर सकते हैं. इनमें पीआईओ (भारतीय मूल के व्यक्ति) और ओसीआई (भारत के प्रवासी नागरिक) कार्ड धारक शामिल नहीं हैं.
- पहचान और नागरिकता के प्रमाण के लिए आवेदकों के पास पैन कार्ड और निम्नलिखित में से एक प्रमाण अवश्य होना चाहिए — भारतीय पासपोर्ट या आधार कार्ड या भारत में मतदाता पहचान पत्र.
- केवल व्यक्ति ही आवेदन कर सकते हैं. किसी भी प्रकार के संगठन आवेदन नहीं कर सकते हैं.
- यदि वे परियोजनाओं में सहयोगी हैं, तो वे भारतीय नागरिक भी होने चाहिए.
- प्रोजेक्ट की पूरी अवधी के दौरान आपको लगातार बंगलौर में रहना होगा.
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं हैं जिनका इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आईएफए) से वित्तीय अपराध करने का पिछला इतिहास रहा है.
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं हैं जो इंडिया फाउंडेशन फॉर द आर्ट्स (आईएफए) में पहले कभी प्राप्त किए गए आईएफए अनुदान की शर्तों के अनुसार देय मद प्रस्तुत करने में विफल रहे हों.
- ऐसे व्यक्ति पात्र नहीं हैं जिन्हें पहले कभी आईएफए से किसी भी कारण से भविष्य में आवेदन करने की अनुमति नहीं होने की सूचना देने वाला पत्र प्राप्त हुआ हो.
- जो व्यक्ति वर्तमान में IFA द्वारा कार्यान्वित किसी प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं हैं
- यदि उनका संयुक्त खाता है तो एक से अधिक व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं. यदि उनका संयुक्त खाता नहीं है तो अन्य को सहयोगी के रूप में शामिल करते हुए उनमें से केवल एक को ही आवेदन करना चाहिए.

**चयन की प्रक्रिया**

चयनित प्रस्तावों का मूल्यांकन एक बाहरी पैनल द्वारा किया जाएगा और आवेदकों को पैनल के सामने अपने प्रोजेक्ट के विचारों को प्रस्तुत करना होगा. इनक्यूबेशन लैब के लिए चयनित प्रोजेक्ट्स और उनके क्रियान्वयन की घोषणा अक्टूबर 2026 में की जाएगी.

**सभी चुने गए प्रोजेक्ट्स को IFA द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा.**

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

- पूछताछ और प्रारूप विमर्श की अंतिम तिथि: **11 सितम्बर, 2026**
- फाइनल प्रपोज़ल्स जमा करने की अंतिम तिथि: **21 सितम्बर, 2026**
- इनक्यूबेशन लैब के लिए चयनित प्रोजेक्ट्स की घोषणा: **अक्टूबर 2026**
- प्रोजेक्ट का आरम्भ: **शुरुआती नवम्बर**
- इनक्यूबेशन लैब की अवधि: **16-27 नवम्बर, 2026**

*चयनित कलाकारों के लिए इनक्यूबेशन लैब की पूरी अवधि के दौरान व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है.*

*कृपया ध्यान दें, IFA एक सुरक्षित पर्यावरण के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जो कि बच्चों सहित सभी का सहयोग, सम्मान एवं सुरक्षा करता हो. आवेदक के लिए इसके साथ सामंजस्य बनाए रखना और सदैव इसका पालन करना अनिवार्य है.*

**नम्मा 560. नम्मा प्रोजेक्ट. नम्मा ऊरू.**